06/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

सर्वोच्च न्यायालय ने अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक ठेकों के आवंटन में कथित अनियमितताओं की प्रारंभिक जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो - CBI को निर्देश दिया है। न्यायालय ने CBI को सोलह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा है, जिससे यह तय होगा कि पूर्ण जांच की आवश्यक्ता होगी या नहीं। यह जांच जनवरी 2015 से दिसंबर 2025 के बीच दिए गए ठेकों को कवर करेगी और जरूरत पड़ने पर इसका दायरा बढ़ाया भी जा सकता है। न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह चार सप्ताह के भीतर सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराते हुए जांच में पूरा सहयोग करें। मुख्य सचिव से कहा गया है कि वे CBI के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए एक हफ़्ते के भीतर एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। यह मामला कोर्ट के सामने एक याचिका के ज़रिए लाया गया था, जिसमें कुछ ठेकों के आवंटन को लेकर चिंताएँ जताई गई थीं।

0000000000000000000000

देश के अन्य हिस्सों की तरह ही अरुणाचल प्रदेश में भी LPG की आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त बनी हुई है। घरेलू LPG को लगातार सबसे ज़्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। इस बीच ग्राहकों को LPG रिफिल बुक करने के लिए SMS और IVRS जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

0000000000000000000000

राजधानी ईटानगर उपायुक्त कार्यालय ने सभी LPG उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि रिफिल सिलेंडरों के लिए एक अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि शुरू किया गया है जिसके तहत शहरी इलाकों में पच्चीस और ग्रामीण इलाकों में पैतालीस दिन रखा गया है। गत तेरह मार्च, 2026 की सरकारी एडवाइज़री के अनुसार, इसका उद्देश्य LPG सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाज़ारी को रोकना है। उपभोक्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वे रिफिल की बुकिंग सिर्फ़ ऑनलाइन माध्यम से ही करें। जिन लोगों के मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हैं और जिन्होंने eज्YC पूरा कर लिया है, वे 8927225667, 8391990070, या 8454955555 पर मिस्ड कॉल देकर बुकिंग कर सकते हैं। 24 घंटे के भीतर एक 6-अंकों का डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड - DAC भेजा जाएगा, जिसे डिस्ट्रीब्यूटर को दिखाना ज़रूरी होगा। जिन उपभोक्ताओं को DAC नहीं मिलता, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे बुकिंग करने से पहले eज्YC और मोबाइल नंबर लिंक करवाने के लिए अपनी LPG एजेंसी से संपर्क करें।

0000000000000000000000

BJP स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांदू एवं उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने शुभकामनाएं दीं हैं। नामसाई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने “वंदे मातरम्” को स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणादायक प्रतीक बताया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने “नेशन फ़र्स्ट” और समावेशी विकास के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और अटल बीहारी वाजपेयी तथा एल.के. आडवानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस

अवसर पर दोनों नेताओं ने एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।

0000000000000000000000

पासीघाट में आयोजित सेंट्रल मोपिन फेस्टिवल के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए IPR एवं उद्योग राज्य मंत्री न्यातो दुकाम ने युवाओं को उद्यमिता और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने उन्नती योजना और MSME पहल को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रमुख साधन बताते हुए युवाओं से इन अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण - APSLSA द्वारा वन विभाग के सहयोग से अरुणाचल प्रदेश में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए विभिन्न पक्षों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर विशेष कार्यशाला ईटानगर स्थित डी.के. कनवेंशन सेंटर में आयोजित की गई। जिसमें विशेषज्ञों, अधिकारियों और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, APSLSA जसटीस एस.के. मेधी ने सहयोगात्मक प्रयासों पर ज़ोर दिया, जबकि चर्चाएँ सामाजिक-कानूनी पहलुओं, निवारक रणनीतियों और सामुदायिक भागीदारी पर केंद्रित रहीं। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों और अरुणाचल इंडिजिनस ट्राइबल फोरम के सदस्यों द्वारा भी कार्यशाला में भाग लिया गया।

0000000000000000000000

प्रख्यात साहित्यकार और अरुणाचल प्रदेश में पत्रकारिता के अग्रणी माने जाने वाले लुम्मेर दाई की चौबीसवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। जिसके तहत अरुणाचल प्रदेश साहित्य सोसाइटी - APLS ईस्ट सियाङ युनिट द्वारा पासीघाट में स्मृति दिवस का आयोजन करते हुए पूर्वोत्तर में असमिया साहित्य और पत्रकारिता में उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने असम और अरुणाचल प्रदेश में उनकी स्थायी विरासत और प्रभाव को याद किया। नाहरलगन के प्रेम नगर स्थित उनके पुण्य स्थल पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

0000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के नौ ज़िलों तवांङ, अपर सुबनसिरी, सियाङ, अपर सियाङ, वेस्ट सियाङ, दिबाङ वैली, लोहित, चाङलाङ और तिराप के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलएर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000